आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 24.11.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश बने। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।
- टिहरी जिले में कुंजापुरी मंदिर के पास बस खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत, 13 अन्य घायल।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के पीएमश्री स्कूलों में कम्प्यूटर लैब और पुस्तकालयों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- गोवा में आयोजित 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तहत वेव्स फिल्म बाज़ार में उत्तराखंड पवेलियन आकर्षण का केंद्र रहा।

<u>मुख्य न्यायाधीश शपथ</u>

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग 15 महीने का होगा। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

<u>बस दुर्घटना टिहरी</u>

टिहरी जिले में कुंजापुरी मंदिर के पास आज एक बस के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए श्रीदेव सुमन जिला उप चिकित्सालय नरेन्द्र नगर में भर्ती कराया गया, जहां पांच गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और एसडीआरएफ ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। टिहरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर दुःख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन

उत्तरकाशी जिले में सीमांत गांवों के लिए संचार के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय सेना ने जिला प्रशासन के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज हर्षिल में सामुदायिक रेडियो स्टेशन का शुभारंभ किया। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत स्थापित इस रेडियो स्टेशन के संचालन से उपला टकनोर क्षेत्र के आठ सीमांत गांव अब देश–दुनिया से सीधे जुड़ सकेंगे। उत्तरी भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डी.जी. मिश्रा ने कहा कि सेना, सीमावर्ती इलाकों में सामुदायिक रेडियो स्थापित कर लोगों की आवाज़ को देश तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि रेडियो स्टेशन के माध्यम से लोगों को स्थानीय संस्कृति से जुड़ी जानकारी देने के साथ ही उन्हें आपदा के दौरान सचेत भी किया जा सकता है।

धर्मेन्द्र निधन

वरिष्ठ अभिनेता और पद्म भूषण से सम्मानित धर्मेंद्र का आज सुबह मुंबई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। 89 वर्षीय धर्मेंद्र स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और इस महीने के शुरु में उन्हें ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बॉलीवुड के ही–मैन के नाम से मशहूर धर्मेंद्र, अपने पीछे छह दशकों से भी ज़्यादा की बेजोड़ विरासत छोड़ गए हैं। धर्मेंद्र ने 1960 में अपने करियर की शुरुआत की और अपनी बहुमुखी प्रतिभा के कारण जल्द ही सुपरस्टार बन गए। उनके करियर में 300 से ज़्यादा फ़िल्में शामिल हैं, जिनमें से कई आज भी क्लासिक मानी जाती हैं।

सहकारिता मेला

चमोली जिले के पुलिस मैदान गोपेश्वर में आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सहकारिता मेले का शुभारंभ हुआ। थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने मेले का उद्‌घाटन किया। मेले में विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों ने स्टॉल लगाए हैं। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारिता के संकल्प को मजबूत करने के लिए सहकारिता मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। विधायक भूपाल राम टम्टा ने कहा कि सहकारिता मेले के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर चमोली जिला सहकारी बैंक की ओर से मुर्गी पालन, कृषि और दुग्घ व्यवसाय करने के इच्छुक 19 लाभार्थियों को 21 लाख रुपए ऋण के चैक वितरित किए गए। इस दौरान भारत दर्शन ऋण योजना और मातृशक्ति सशक्तिकरण ऋण योजना का शुभारंभ भी किया गया।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के पीएमश्री स्कूलों में कम्प्यूटर लैब और पुस्तकालयों की स्थापना में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में पीएमश्री स्कूलों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने अगले महीने कम्प्यूटर लैब की स्थापना करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में पुस्तकालयों के लिए

शीघ्र बजट आवंटित करने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि 32 पीएमश्री स्कूलों में एकीकृत विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिनका बजट जारी किया जाना है, एक माह के भीतर इसे जारी कराया जाए। मुख्य सचिव ने टिंकरिंग लैब के लिए आईआईटी कानपुर से लगातार संवाद करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पीएमश्री स्कूलों में खेल के मैदान उपलब्ध कराए जाने पर भी यथाशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 226 विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालयों के रूप में चुना गया है। इनमें 34 प्राथमिक और 192 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इसके साथ ही 15 और अन्य विद्यालयों को स्वीकृति मिली है। बताया गया कि पीएमश्री के 22 कम्पोनेंट्स में से 16 को 100 प्रतिशत लागू कर लिया गया है। शेष छह कम्पोनेंट्स का कार्य विभिन्न चरणों में गतिमान है।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

गोवा में आयोजित 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तहत वेव्स फिल्म बाजार में विभिन्न देशों और भारत के विभिन्न राज्य सरकारों के बनाए गए पवेलियन में उत्तराखंड पवेलियन आकर्षण का केंद्र रहा। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने बताया कि उत्तराखंड पवेलियन में देश विदेश के फिल्म निर्माता और निर्देशकों ने राज्य की फिल्म नीति के बारे में जानकारी ली। बंगाली, तमिल, मलयालम, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के फिल्म निर्माताओं ने भी उत्तराखंड में फिल्मों की शूटिंग के लिए रुचि दिखाई है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले सहयोग और सुविधाओं की सराहना की। कई विदेशी फिल्म निर्माता और निर्देशकों ने उत्तराखंड में शूटिंग करने पर सहमति दी है। फिल्म बाजार में अगले साल होने वाली विश्व प्रसिद्ध नंदादेवी राजजात यात्रा के बारे में भी फिल्म निर्माताओं को जानकारी दी गई, जिसमें कई विदेशी फिल्म मेकर्स ने डॉक्यूमेंट्री शूट करने की बात कही है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि सूचना मंत्रालय के निदेशक, फिल्म्स, राजेश कुमार शर्मा और उनकी टीम ने भी उत्तराखंड पवेलियन का भ्रमण कर, राज्य सरकार की फिल्म नीति की सराहना की।

शहीदी दिवस

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आज अल्मोड़ा के मल्ला महल में विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं के लिए भाषण, निबंध, वाद–विवाद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं कराई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अल्मोड़ा नगर निगम के मेयर अजय वर्मा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का व्यक्तित्व, युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।
छात्रा मनीषा बिष्ट ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से उन्हें काफी जानकारी मिली।